

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को जबलपुर में केंद्रीय विधि एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल से सौजन्य भेंट की।

वीर भारत न्यास की कार्यसमिति की बैठक

स्थापित होगी वीर भारत फैलोशिप दो अध्येताओं को मिलेंगे 12-12 लाख

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत के प्राचीन से आधुनिक इतिहास, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले चिंतकों, कलाकारों और वैज्ञानिकों तथा देश-प्रदेश की संस्कृति पर शोध और अध्ययन के लिए वीर भारत फैलोशिप प्रदान की जाएगी। प्रतिवर्ष दो अध्येताओं को एक वर्ष की अवधि के लिए 12-12 लाख रुपये की फैलोशिप दी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई वीर भारत न्यास की कार्यसमिति की बैठक में बैतूल में केंद्र सरकार के सहयोग से आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। संग्रहालय में जनजातीय इतिहास गैलरी, जनजातीय स्वतंत्रता आंदोलन, शोध केंद्र और डिजिटल रिपॉजिटरी स्थापित की जाएंगी।

बैठक में उज्जैन के कोठी महल में वीर भारत संग्रहालय के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के इतिहास में वीरता का अर्थ केवल युद्धों और योद्धाओं के साहस तक सीमित नहीं रहा है। विश्व को भारत की आंतरिक शक्ति, चिंतन, एकजुटता, प्रश्न करने, रक्षा, त्याग और सृजन के सामर्थ्य से परिचित कराना आवश्यक है। वीर भारत संग्रहालय में योद्धाओं के साथ ऋषियों, शिक्षकों, गणितज्ञों, समाज सुधारकों, विधि निर्माताओं और तीर्थ यात्रियों के योगदान को भी प्रदर्शित किया जाएगा। भारत के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत से जनसामान्य को परिचित कराना वीर भारत न्यास का उद्देश्य है।

बैठक में बताया गया कि न्यास वर्ष 2024 से सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक, आध्यात्मिक और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ी गतिविधियां आयोजित कर रहा है। भोपाल में सदानीरा समागम और महाभारत समागम तथा उज्जैन में श्री महाकालेश्वर महोत्सव आयोजित किए गए हैं।

धान उपार्जन पंजीयन की तारीख कल तक

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों के कल्याण, उनकी आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहित करने और उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय से सिवनी जिले की सिमरिया मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रबी फसलों की सिंचाई के लिए दिन में 10 घंटे निर्बाध बिजली मिलने से किसानों को रात में सिंचाई की मजबूरी से राहत मिलेगी। धान उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 4 नवंबर तक बढ़ाई गई है।

हरदीप के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी को कांग्रेस का समर्थन

राजकुमार लोहानी का नामांकन भरवाने पहुंचे दिग्गज कांग्रेस विधायक, फॉर्म-26 की चूक से उम्मीदवारी पर संकट

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश कांग्रेस एक बार फिर अपने आंतरिक समीकरण और संगठनात्मक लापरवाही के चलते असहज स्थिति में घिर गई है।

राज्यसभा उपचुनाव में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के निर्विरोध निर्वाचन को चुनौती देने के लिए कांग्रेस ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर राजकुमार लोहानी को समर्थन देने का बड़ा राजनीतिक दांव तो खेल दिया, लेकिन चुनावी प्रक्रिया की बुनियादी समझ और गंभीरता की भारी कमी उजागर करते हुए वे नामांकन के साथ अनिवार्य फॉर्म-26 का शपथ पत्र दाखिल करना ही भूल गए। इस बड़ी प्रशासनिक चूक ने पार्टी की रणनीति और समन्वय की पोल खोलकर रख दी है।

राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि पर सोमवार को भोपाल के घोड़ानक्कास निवासी और मोबाइल एसेसरीज विक्रेता राजकुमार लोहानी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपने पर्चे दाखिल किए। इस पूरी प्रक्रिया में कांग्रेस पूरी तरह सक्रिय नजर आई और कई दिग्गज विधायक उनके समर्थन में सीधे मैदान में उतरे। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने आगे बढ़कर पूरी प्रक्रिया का नेतृत्व किया और वे स्वयं लोहानी के मुख्य प्रस्तावक बने।



इस दौरान उनके साथ विधायक महेश परमार, आतिफ अकील, अभिजीत शाह, सुरेंद्र सिंह हनी बघेल और कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी समेत कई नेता मौजूद रहे। पूरी ताकत और तामझाम के साथ हुए इस शक्ति प्रदर्शन में सब कुछ ठीक लग रहा था, लेकिन निर्वाचन आयोग के नियमों के मुताबिक अत्यंत आवश्यक दस्तावेज यानी फॉर्म-26 के तहत शपथ पत्र लगाना ही भूल गए। विधानसभा सचिवालय की जांच में यह गंभीर बात सामने आने के बाद अब राजकुमार लोहानी के नामांकन की वैधता पर ही तलवार लटक गई है। जांच के दौरान निर्वाचन अधिकारी इस कमी पर क्या फैसला लेते हैं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

जिम्मेदारी से बचते नजर आए बड़े नेता

जब इस गंभीर प्रक्रियागत चूक पर सवाल उठे, तो कांग्रेस के बड़े नेता और पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए नजर आए। एक तरफ जहां पूरा घटनाक्रम कैमरे और चर्चाओं में आ गया, वहीं पार्टी के अधिकृत अधिवक्ता जेपी धनोपिया ने मीडिया से बातचीत में साफ किया कि उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी को कांग्रेस द्वारा दिए जा रहे समर्थन की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि वे फिलहाल दिल्ली में हैं और इस संबंध में पूरी जानकारी केवल हेमंत कटारे ही दे सकते हैं। इसी तरह, कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने भी इस तकनीकी लापरवाही पर कोई स्पष्ट जवाब देने के बजाय गेंद सीधे हेमंत कटारे के पाले में डाल दी।

संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने मध्य प्रदेश कांग्रेस की कार्यप्रणाली और चुनावी तैयारियों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पार्टी जिस सियासी पिच पर केंद्र सरकार और सत्ताधारी दल को घेरने की तैयारी कर रही थी, वहीं शुरुआती पायदान पर ऐसी बुनियादी भूल हो जाना उसकी कार्यशैली को कठघरे में खड़ा करता है। इसके पूर्व भी मीनाक्षी नटराजन के शपथ पत्र में अधूरी जानकारी के चलते उनका नामांकन फार्म ही रद्द हो गया था।

27 प्रतिशत आरक्षण की मांग, सीएम हाउस का घेराव, चली वाटर कैनन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण बहाल करने, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने और पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति की लंबित सीटें स्वीकृत करने की मांग को लेकर सोमवार को आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकले प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाई और हल्का बल प्रयोग किया। इस दौरान दामोदर यादव, अनिल गुर्जर सहित कई छात्र और युवा नेता मामूली घायल हो गए। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रदर्शनकारी सिंधु भवन में एकत्र हुए। यहां सभा के बाद मुख्यमंत्री निवास की ओर पैदल मार्च शुरू किया गया। मार्च प्रदेश कांग्रेस कार्यालय होते हुए 1250 चौराहे तक पहुंचा, जहां प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की नाकाबंदी तोड़ दी। रेडक्रॉस अस्पताल के सामने पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान झूमाझटकी हुई और पुलिस ने पानी की बौछारें चलाकर भीड़ को खदेड़ा। सभा में नेताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के पुतले जलाए।

आंदोलनकारियों ने सत्र 2025-26 की लंबित 14 छात्रवृत्तियां सात कार्यदिवसों में स्वीकृत करने, पीएम-यशस्वी की 25 प्रतिशत वेटेज समाप्त करने और 2026-27 की आवेदन प्रक्रिया तत्काल शुरू करने की मांग की। साथ ही पूर्व चयन की जांच और विद्यार्थियों को धमकाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने हबीबगंज एसीपी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जय मूवमेंट ओबीसी के संस्थापक लखपत गुर्जर ने कहा कि वर्ष 2007 से संचालित योजना में प्रतिवर्ष जून में आवेदन आमंत्रित किए जाते रहे हैं, लेकिन नवंबर शुरू होने के बावजूद 2026-27 की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। आजाद समाज पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुर्जर ने भी प्रदर्शन को समर्थन दिया।

तोमर आज करेंगे नवीन ई-ऊर्जा भवन का भूमिपूजन

नप्र, भोपाल : ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 3 नवंबर को दोपहर 2:30 बजे गोविंदपुरा स्थित बिजली नहर कॉलोनी (आस्था परिसर) में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नवीन कार्यालय भवन ई-ऊर्जा भवन का भूमिपूजन करेंगे। भवन का निर्माण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय के विस्तार के लिए किया जाएगा। ई-ऊर्जा भवन का निर्माण 8 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से होगा। लगभग 3,696 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनने वाला यह भवन भूतल सहित चार मंजिलों का होगा। इसमें अधिकारियों के लिए आधुनिक केबिन, कॉन्फ्रेंस हॉल, वर्कस्टेशन, रिकॉर्ड रूम, क्रेच, ट्रेनिंग रूम और हार्डवेयर स्टोरेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भवन में दो लिफ्टों के साथ ध्वनि नियंत्रण के लिए एकॉस्टिक पैनलिंग, फॉल्स सीलिंग तथा सुरक्षा के लिए फायर फाइटिंग और फायर अलार्म सिस्टम की व्यवस्था भी रहेगी। ऊर्जा मंत्री तोमर की उपस्थिति में 3 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे मंत्रालय में एनटीपीसी की छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में स्थित लारा चरण-3 परियोजना के साथ मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी विद्युत क्रय अनुबंध भी करेगी।

मुरासु का असर, छाने लगे बादल, रीवा, जबलपुर, शहडोल में वर्षा के आसार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बंगाल की खाड़ी में उठा भीषण चक्रवाती तूफान मुरासु उत्तर-पश्चिम दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। उसके प्रभाव से बादल छाने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक तूफान के असर से मंगलवार से रीवा, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। शेष क्षेत्रों में तीन-चार दिन तक बादल बने रह सकते हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान सोमवार सुबह तक प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहा। हालांकि सुबह के समय धुंध छाई रही। इस वजह से दृश्यता प्रभावित हुई। भोपाल में सुबह साढ़े पांच बजे से सात बजे तक दृश्यता 1200 मीटर बनी रही। रात का सबसे कम 14.6 डिग्री सेल्सियस तापमान शाजापुर में दर्ज किया गया।

ये मौसम प्रणालियाँ हैं सक्रिय

वर्तमान में भीषण चक्रवाती तूफान मुरासु पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है। वह उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। उसके सोमवार रात 11:30 बजे से मंगलवार सुबह चार बजे के बीच आंध्र प्रदेश के तट पर नेल्लोर और नरसापुर के मध्य टकराने की संभावना है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के आसपास भी एक कमजोर प्रकृति का चक्रवात मौजूद है। इसके अतिरिक्त पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू पर द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि मुरासु के असर से छत्तीसगढ़ से लगे कुछ जिलों में ही वर्षा होने के आसार हैं, लेकिन ग्वालियर-चंबल संभाग को छोड़कर पूरे प्रदेश में तीन-चार दिन तक बादल बने रह सकते

विद्युत लाइन से जंगली सुअर के शिकार की कोशिश नाकाम, एक आरोपी गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वन्यप्राणियों के अवैध शिकार पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग की रात्रि गश्ती टीम ने दक्षिण शहडोल वनमंडल में विद्युत करंट से जंगली सुअर के शिकार की कोशिश नाकाम कर दी। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जिला जेल शहडोल भेज दिया गया। फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

वन संरक्षक शहडोल महेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा वनमंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल श्रद्धा पंद्रे और उप वनमंडलाधिकारी सोहागपुर संतोष कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में 30 और 31 अक्टूबर की दरमियानी रात वन विभाग की टीम गश्त कर रही थी।

इसी दौरान ग्राम धनगवां के भैरव टोला राजस्व क्षेत्र में 11 केवी विद्युत लाइन से वन्यप्राणियों के शिकार के लिए करंट फैलाए जाने की सूचना मिली। टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ लोग भागते दिखाई दिए, जिनमें से एक को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कतकू पिता हरीदीन बैगा, निवासी धनगवां बताया। उसने विद्युत करंट फैलाकर जंगली सुअर का शिकार करने का प्रयास स्वीकार किया। आरोपी को 1 नवंबर को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मेडिकल परीक्षण के बाद उसे जिला जेल भेज दिया गया।

बांधवगढ़ में सफारी और टिकट बुकिंग की नई समय-सारणी जारी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए पार्क सफारी और टिकट काउंटरों की समय-सारणी जारी की गई है। 1 नवंबर 2026 से लागू व्यवस्था के अनुसार पर्यटक सुबह और शाम दोनों पालियों में जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। टाइगर रिजर्व के कोर और बफर क्षेत्र में सुबह की सफारी सुबह 6 से 11:30 बजे तक तथा शाम की सफारी दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक संचालित होगी। सफारी के टिकट सुबह 5:15 से 7:30 बजे, दोपहर 1:30 से 4 बजे और शाम 6 से 7:30 बजे तक टिकट काउंटर से प्राप्त किए जा सकेंगे।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हितों का संरक्षण प्राथमिकता : भूरिया



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं और सहायिकाएं विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार उनके हितों के संरक्षण, सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

सुश्री भूरिया मंत्री सोमवार को मंत्रालय में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध मध्यप्रदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में चर्चा कर रही थीं। बैठक में मानदेय वृद्धि, नियमितीकरण, कार्यस्थल पर सुरक्षा, आवश्यक सुविधाओं और सेवा संबंधी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन मंत्री को सौंपा। मंत्री ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को प्रत्येक विषय का नियमानुसार परीक्षण कर व्यावहारिक समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव महिला एवं बाल विकास जी.व्ही. रश्मि, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर तथा संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह आज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी स्थित परेड ग्राउंड में 3 नवंबर को सुबह 9:30 बजे 44वें और 45वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। समारोह में मुख्यमंत्री विजेता अधिकारियों को सम्मानित करेंगे। दोनों बैचों में जिला बल के 37, रेडियो संवर्ग के 9 तथा जिला सेनानी, होमगार्ड के 2 अधिकारियों सहित कुल 48 अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रदेश की सेवा के लिए उपलब्ध होंगे। इनमें 20 महिला और 28 पुरुष अधिकारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री परेड की सलामी लेने के साथ उसका निरीक्षण करेंगे तथा विजेता अधिकारियों को शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान करेंगे।

पदयात्रा *भाजपा की पदयात्रा, कांग्रेस पर बरसे मुख्यमंत्री...*

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओः ढाई किमी लंबी यात्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सोमवार को जबलपुर के शहीद स्मारक गोल बाजार में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' संकल्प पदयात्रा में सहभागिता की। भाजपा ने यात्रा में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने का दावा किया।

डॉ. यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा, उसे आज लोकतंत्र पर उपदेश देने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव हारने के बाद कभी ईवीएम, कभी चुनाव आयोग और कभी



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाती है। जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने का संकल्प लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में भी कई बार एसआईआर हुआ है। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस से मतदाता सूची के शुद्धिकरण का विरोध करने का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा किसी एक दल की नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दल संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जनता से लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान के लिए आगे आने का आह्वान किया। पदयात्रा गोल बाजार से प्रारंभ होकर श्याम टॉकीज, सुपर मार्केट, लार्डगंज चौक, बड़ा फुहारा, मालवीय चौक सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः गोल बाजार पहुंचकर समाप्त हुई। करीब ढाई किलोमीटर लंबे मार्ग पर 80 स्वागत मंच लगाए गए। विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पदयात्रा में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, प्रहलाद पटेल, संपतिया उइके, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com